भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

24.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 5183 का उत्तर

बुलेट ट्रेन कॉरिडोर

5183. श्री मारगनी भरतः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत के प्रथम सुपरफास्ट बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के एक हिस्से का प्रचालन करने के लिए एक अस्थायी डिपो के निर्माण, गर्डर बिछाने के लिए नवीन प्रौद्योगिकी का उपयोग और समय बचाने के अन्य कई उपायों की योजना बनाई जा रही है;

(ख) यदि हां, तो इस परियोजना को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है; और

(ग) इस परियोजना की आकलित लागत कितनी है और इस संबंध में जापान का योगदान कितना है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क): कम से कम निर्माण अवधि में बुलेट ट्रेन परियोजना पर विभिन्न प्रचलित प्रौद्योगिकियों के समाहन की परिकल्पना की गई है। सूरत पर एक डिपो प्रस्तावित है और खंड के एक भाग को शीघ्र पूरा करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

(ख): वर्ष 2023 तक परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

(ग): मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना की कुल अनुमानित लागत 1,08,000 करोड़ रु. है, जिसमें से 81 प्रतिशत लागत का वित्तपोषण जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जीका) के माध्यम से किया जाएगा।

****

mm